गोरखपुर में ज्ञान डेयरी की दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

16 अक्तूबर, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोरखपुर के गीडा में ज्ञान डेयरी की दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डेयरी उद्योग से जुड़ी 5 महिलाओं को सम्मानित भी किया।

प्रमुख बिंदु

- सी.पी. मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्रा.लि. के रूप में ज्ञान डेयरी का यह डेयरी प्लांट लगाया जा रहा है। 20067 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विस्तृत इस परियोजना की लागत 114 करोड़ रुपए है।
- इससे 1 लाख पशुपालक परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का लाभ प्राप्त होगा। इससे प्रत्यक्ष रूप से 300 लोगों को नौकरी मिलेगी। 1500 अन्य लोग अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार से जुड़ेंगे।
- इस दूध से विभिन्न प्रोडक्ट्स बनेंगे, जिससे 1 लाख परिवार प्रत्यक्ष रूप से रोज़गार से जुड़ेंगे। इसके साथ-साथ गाय, भैंस के लिये ज़रूरी पौष्टिक आहार हेतु किसानों के फसल अवशेष, भूसा, गन्ना, सरसों आदि की भी बिक्री होगी और उन्हें उचित दाम प्राप्त होगा।
- गोरखपुर एवं बस्ती मंडल में इस परियोजना के तहत दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा।
- जनपद गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती, संत कबीरनगर और सिद्धार्थनगर में 5000 दुग्ध कलेक्शन सेंटर की स्थापना होगी। इससे 1800 लोगों को प्रत्यक्ष एव अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार प्राप्त होगा।
- इस परियोजना में प्रतिदिन 5 लाख लीटर दूध की खपत की जाएगी। इसमें से 3 लाख लीटर दूध की पैकेजिंग की जाएगी और 2 लाख लीटर दूध से विभिन्न दुग्ध उत्पाद तैयार किये जाएंगे। इसके लिये 1 लाख किसानों, पशुपालकों से दुग्ध आपूर्ति हेतु अनुबंध किया जाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-milk-and-milk-poducts-project-of-gyan-dairy-in-gorakhpur